दिनांक - 12.07.2026 समय : 7.10पीएम

**मुख्य समाचार,**

1- एक करोड़ 25 लाख से अधिक महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना की 38वीं किश्त जारी।

2- दतिया विधानसभा उपचुनाव में नामांकन दाखिल करने की कल अंतिम तारीख। बीजेपी-कांग्रेस प्रत्याशी भरेंगे पर्चा।

3- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में वृक्ष मित्र कार्यक्रम को किया संबोधित, इंदौर में मुख्यमंत्री ने 21 लाख पौधारोपण का महाअभियान शुरू किया।

4- प्रदेश में तेज बारिश पर चार दिन का ब्रेक, आज 27 जिलों में बूंदा बांदी की संभावना।

**लाड़ली बहना योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भिंड जिले के लहार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना" के तहत प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक महिलाओं के खातों में 38वीं किश्त के 1 हजार 835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 322 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत के 56 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सौगातें दीं। जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ.यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों का सम्मान और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके हित में हर आवश्यक कदम उठाएगी।

**दतिया नामांकन**

दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए कल नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख है। बीजेपी की तरफ से आषुतोष तिवारी 13 जुलाई को नामांकन दाखिल करेंगे। उल्लेखनीय है कि दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटकर आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश भी नजर आया है। चंबल अंचल के इतिहास में पहली बार भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसी उम्मीदवार का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया था। उधर कांग्रेस ने यहां से पूर्व विधायक घनश्याम सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। घनश्याम सिंह भी कल नामांकन पत्र भरेंगे। इसके अलावा दतिया से आजाद समाज पार्टी से दामोदर यादव मैदान में है। आपको बता दें कि 2023 में दतिया सीट से कांग्रेस के राजेंद्र भारती विधायक बने थे, लेकिन भ्रष्टाचार के एक प्रकरण में सजा सुनाए जाने के बाद उनकी विधायकी शून्य घोषित की गई थी।

**एमपी टेक ग्रोथ**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 : जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर का शुभारंभ करेंगे। साथ ही राज्य सरकार के प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक विकास के विजन को साझा कर उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठक कर निवेश, परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं भावी सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित टेकग्रोथ कॉनक्लेव का उद्देश्य उच्च-विकास वाले प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश को गति देना और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रदेश को देश के प्रमुख निवेश गंतव्यों में स्थापित करना है। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के पहले दो संस्करणों ने प्रदेश में प्रौद्योगिकी निवेश को नई गति प्रदान की है। कॉन्क्लेव 1.0 में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 75 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए। कॉन्क्लेव 2.0 में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 48 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए।

**ई-प्रवेश**

ई-प्रवेश अभियान में अब तक प्रदेश में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए कल तक 6,53,103 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है, जबकि 5,65,576 आवेदनों का सत्यापन सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। द्वितीय चरण की कॉलेज स्तरीय काउंसिलिंग वर्तमान में संचालित है तथा पंजीयन एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित है। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक 4,00,206 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शिक्षक शिक्षा-NCTE पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर लिया है।

**मोदी वापसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की छह दिन की सफल यात्रा पूरी कर स्वदेश लौट आए हैं। श्री मोदी की इस महत्वपूर्ण यात्रा की प्रमुख उपलब्धियों पर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट.......

**शिवराज-जलवायु परिवर्तन**

केनद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सतत भविष्य सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण बहुत ही महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में वृक्ष मित्र और पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और धरती का तापमान बढ़ने को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1880 के बाद समुद्र के बढ़ते तापमान और पिघलते हिमनदों ने वैश्विक समुद्री जल स्तरों को लगभग 20 से 23 सेंटीमीटर तक बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि धरती का औसत तापमान वर्ष 1900 की तुलना में लगभग डेढ़ डिग्री सेल्सियस

तक बढ गया है। यह जलवायु परिवर्तन के लिए गंभीर चेतावनी का संकेत है। श्री चौहान ने यहां अर्थ यानी पृथ्वी का अनोखे अंदाज में अर्थ समझाया।

**पौधरोपण अभियान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बीएसएफ पहाड़ी से 21 लाख पौधरोपण के महाअभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि जो हमें जीवन दें, सद्मार्ग पर ले जाए, वह सदैव वंदनीय है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए प्रकृति ही परमेश्वर के स्वरूप है, क्योंकि यह हमें जीवन देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार भी हैं और वसुधा का श्रृंगार भी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर चलाया जा रहा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान कोई शासकीय कार्यक्रम नहीं, ये जीवन के लिए सांसों का स्थायी प्रबंध करने का अभियान है। जल, जंगल, जमीन और जानवर जिनसे हमारा पारिस्थितिकीय-तंत्र तैयार होता है, यह अभियान इनकी सुरक्षा का मिशन है। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सहभागिता की।

**पीएम पोषण**

शिवपुरी जिले में पीएम पोषण योजना के तहत कुल 2,500 स्कूलों के 1,93,524 विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन का लाभ दिया जा रहा है, जिसके संचालन की जिम्मेदारी 2,149 स्व-सहायता समूहों के पास है। एक बैठक में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिला पंचायत की मध्याह्न भोजन प्रभारी सीमा उपाध्याय सहित सभी संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को फील्ड में उतरकर लगातार औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं स्कूलों और आंगनबाड़ियों में जाकर भोजन की गुणवत्ता को परखें ताकि बच्चों को पौष्टिक और स्वच्छ आहार मिल सके।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में तेज और भारी बारिश का दौर थम गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होगी। आज इंदौर सहित 27 जिलों में बूंदाबांदी और कहीं-कहीं आंधी के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान जताया गया है। वहीं भोपाल, ग्वालियर और उज्जैन संभाग में दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को भिंड, दतिया, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, देवास, इंदौर, खरगोन, धार, बड़वानी, झाबुआ और अलीराजपुर में हल्की बारिश और आंधी की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- गुना में लाड़ली बहना योजना के तहत 38वीं किश्त से 2 लाख 26 हजार 846 महिलाओं के खातों में राशि जमा हुई।
2- राजगढ़ के चारपुरा गांव में कल आयोजित हरियाली महोत्सव के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि पौधे लगाएं ही नहीं, उन्हें पेड़ भी बनाएं।
3- उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत नर्मदापुरम जिले को मार्च 2027 तक पूर्ण साक्षर बनाने के लक्ष्य के साथ 15 जुलाई तक सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।
4- खंडवा जिले में खाद की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई की गई है, यहां दो उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।
5- विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर आगरमालवा जिले के कानड़ में आयुष मेडिकल ऑफिसर ने मां और बच्चे की अच्छी सेहत के लिए गर्भधारण का सही समय चुनना और दो बच्चों के बीच सही अंतर रखने के बारे में जानकारी दी।
6- पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर में सतर्कता विभाग की दो दिवसीय कार्य-निष्पादन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
7- भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में AIIMS दिल्ली के मेडिकल बोर्ड ने अपनी अंतिम फोरेंसिक रिपोर्ट CBI को सौंप दी है।

..............................